बिहार सरकार
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

अधिसूचना

संख्या– वि० प्रा० (II) निजी–364 / 2023 / /पटना, दिनांक–

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के विज्ञापन संख्या–15 / 2020 के आलोक में आयोग के पत्रांक–17 दिनांक–24.08.2022 द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर विभागीय अधिसूचना संख्या–3308 दिनांक– 19.10.2022 द्वारा डॉ० ओम प्रकाश राय को बिहार अभियंत्रण शिक्षा सेवा के अधीन प्राचार्य के पद पर वेतन स्तर–14 (मूल वेतन–1,44,200+ 6750 / – विशेष वेतन) में अस्थायी रूप से नियुक्त किया गया, जिसके आलोक में डॉ० राय द्वारा दिनांक–22.08.2023 के पूर्वाह्न में अपना योगदान विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना में समर्पित किया गया।

2. विभागीय अधिसूचना संख्या–3346 दिनांक–04.09.2023 द्वारा डॉ० ओम प्रकाश राय भागलपुर अभियंत्रण महाविद्यालय, भागलपुर में प्राचार्य के पद पर पदस्थापित किया गया, जिसके आलोक में डॉ० राय द्वारा दिनांक–08.09.2023 को प्राचार्य, भागलपुर अभियंत्रण महाविद्यालय, भागलपुर का प्रभार ग्रहण किए।

3. विभागीय अधिसूचना संख्या–5368 दिनांक–29.09.2025 द्वारा डॉ० राय को दरभंगा तारामंडल, दरभंगा में Planetarium Incharge (लेवल–13) के पद को लेवल–14 में उत्क्रमित करते हुए दरभंगा तारामंडल, दरभंगा में Planetarium Incharge के पद पर पदस्थापित किया गया।

5. पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, निर्जुली (ईटानगर), अरूणाचल प्रदेश के पत्रांक–437 दिनांक–17.03.2026 के द्वारा डॉ० राय की सेवा प्रभारी पदाधिकारी तारामंडल–सह–ज्ञान एवं विज्ञान संग्रहालय, दरभंगा से मुक्त करते हुए उनकी मूल संस्थान पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, निर्जुली (ईटानगर), अरूणाचल प्रदेश में योगदान हेतु अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

6. डॉ० ओम प्रकाश राय द्वारा विभागान्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य के पद से दिनांक–31.10.2026 से त्याग पत्र स्वीकृत करते हुए प्रभारी पदाधिकारी तारामंडल–सह–ज्ञान एवं विज्ञान संग्रहालय, दरभंगा के पद से विरमित करने का अनुरोध किया गया है।

7. अतः डॉ० ओम प्रकाश राय, प्राचार्य–सह–प्रभारी पदाधिकारी तारामंडल–सह–ज्ञान एवं विज्ञान संग्रहालय, दरभंगा से प्राप्त अनुरोध के आलोक में डॉ० राय का दिनांक–10.11.2026 (अपराह्न) के प्रभाव से त्याग–पत्र स्वीकृत करते हुए, उनके पूर्व पदस्थापित संस्थान पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, निर्जुली (ईटानगर), अरूणाचल प्रदेश में योगदान करने हेतु विरमित किया जाता है।

08. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(अहमद महमुद)
अपर सचिव,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– वि० प्रा० (II) निजी–364/2023/ /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (ले० एवं हक), बिहार, पटना/सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना/कुल सचिव, बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, दरभंगा/रजिस्ट्रार, पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, निर्जुली (ईटानगर), अरूणाचल प्रदेश/प्रभारी प्राचार्य, दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय, दरभंगा/डॉ० ओम प्रकाश राय, प्राचार्य–सह–प्रभारी पदाधिकारी तारामंडल–सह–ज्ञान एवं विज्ञान संग्रहालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
अपर सचिव,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– वि० प्रा० (II) निजी–364/2023/ 6972 /पटना, दिनांक– 10·11·2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक के निजी सहायक/सभी पदाधिकारी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/आई०टी० मैनेजर (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु), विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10/11/26
अपर सचिव,
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।